
CIVIL SERVICES
RAS | SI | EO/RO EXAM
#307
DAILY
CURRENT AFFAIRS
राजस्थान स्पेशल
PIB + Sujas + Aakashvani
WEEKLY
REVISION
Important Questions
LIVE
27 Jan. @ 8:00 AM


CIVIL SERVICES
उत्कर्ष
तिरंगा महोत्सव
अंतिम 2 दिन शेष
28 जनवरी
Happy Republic Day
77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में
RAS के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर पाएँ
Up to 77% OFF
+
20% EXTRA OFF UC20
2026 में होने वाले Exams के Courses पर
26% EXTRA DISCOUNT
on Validity Extension
ENROLL NOW
RAS Helpline : 9001851604
*T&C Apply


RAS Pre + Mains
CIVIL SERVICES
उत्कर्ष
तिरंगा महोत्सव
अंतिम 2 दिन शेष
समग्र बैच
LIVE FROM CLASSROOM
JODHPUR
JAIPUR
Standard Fee
₹55,000
₹16,500
₹13,200
Prime Fee
₹70,000
₹22,500
₹18,000
USE COUPON CODE
UC20
ENROLL NOW
मौजूदा कोर्स
की Validity बढ़ाने
पर 26% Extra Discount
RAS Helpline :
9001851604


CIVIL SERVICES
उत्कर्ष
तिरंगा महोत्सव
अंतिम 2 दिन शेष
RAS
PRELIMS 2026
LIVE FROM STUDIO
Start Date : 18 Dec 2025
Standard Fee
~~₹16,500~~
~~₹5700~~
₹4560
Prime Fee
~~₹30,500~~
~~₹7,000~~
₹5600
USE COUPON CODE
UC20
ENROLL NOW
मौजूदा कोर्स
की Validity बढ़ाने
पर 26% Extra Discount
RAS Helpline :
9001851604


CIVIL SERVICES
RAS FOUNDATION
'निर्मल बैच' 8.0
LIVE FROM STUDIO
Start Date : 5 Jan 2026
Standard Fee
₹30,000
₹10,000
₹8,000
Prime Fee
₹45,000
₹14,000
₹11,200
USE COUPON CODE
UC20
उत्कर्ष
तिरंगा महोत्सव
अंतिम 2 दिन शेष
ENROLL NOW
मौजूदा कोर्स
की Validity बढ़ाने
पर 26% Extra Discount
RAS Helpline :
9001851604

# RAS FOUNDATION

## NIRMAL 2.0

English Medium Batch

LIVE FROM STUDIO

Start Date : 5 Jan 2026

Original Price

~~₹45,000~~

~~₹10,000~~ ₹8,000

USE COUPON CODE **UC20**

CIVIL SERVICES

उत्कर्ष

तिरंगा महोत्सव

अंतिम 2 दिन शेष

ENROLL NOW

मौजूदा कोर्स
की Validity बढ़ाने
पर 26% Extra Discount



RAS Helpline :
9001851604


CIVIL SERVICES
RPSC
EO/RO EXAM
फतेह बैच 2.0
LIVE FROM STUDIO
Standard Fee
₹8,000
₹2200
Prime Fee
₹10,000
₹3000
उत्कर्ष
तिरंगा महोत्सव
अंतिम 2 दिन शेष
ENROLL NOW
मौजूदा कोर्स
की Validity बढ़ाने
पर 26% Extra Discount
RAS Helpline :
9001851604

CIVIL SERVICES

# CURRENT AFFAIRS

## 27–01–2026


CIVIL
SERVICES


CIVIL SERVICES
"अध्ययन वो चाबी है, जो सफलता
के हर दरवाजे को खोल देती है।"

## राजस्थान विशेष

### जल निर्मलता पुरस्कार : डॉ. अनिल मेहता



- प्राचार्य एवं प्रसिद्ध जल विशेषज्ञ डॉ. अनिल मेहता (उदयपुर निवासी) को भारत के सबसे बड़े जल-विशेषज्ञ संगठन इंडियन वॉटर वर्क्स एसोसिएशन (IWWA) के 58वें राष्ट्रीय जल सम्मेलन में प्रतिष्ठित 'जल निर्मलता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार भारत के पूर्व जल संसाधन सचिव एवं स्टॉकहोम वॉटर प्राइज से सम्मानित जल अभियंता डॉ. एम. ए. चितले द्वारा स्थापित किया गया है।
- IWWA घरेलू, औद्योगिक एवं कृषि उपयोग हेतु गुणवत्तापूर्ण जल आपूर्ति, सीवरेज निर्माण एवं उपचार तथा स्टॉर्म वॉटर मैनेजमेंट के क्षेत्र में कार्यरत इंजीनियरों, वैज्ञानिकों एवं प्रोफेशनल्स का अग्रणी संगठन है।

CIVIL SERVICES

**Q.** उदयपुर के जल विशेषज्ञ डॉ. अनिल मेहता को हाल ही में प्रदान किए गए 'जल निर्मलता पुरस्कार' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह पुरस्कार 'इंडियन वॉटर वर्क्स एसोसिएशन' (IWWA) के 58वें राष्ट्रीय जल सम्मेलन में प्रदान किया गया।
2. इस पुरस्कार की स्थापना स्टॉकहोम वॉटर प्राइज से सम्मानित डॉ. एम. ए. चितले द्वारा की गई है।
3. IWWA भारत में केवल कृषि सिंचाई प्रणालियों के प्रबंधन हेतु कार्य करने वाला एक निजी संगठन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

# पर्वतारोही मनस्वी अग्रवाल



- हाल ही में, उदयपुर निवासी मनस्वी अग्रवाल दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊँची चोटी माउंट अकांकागुआ (6,961 मीटर) पर चढ़ाई करने वाली राजस्थान की दूसरी महिला बनी।
- मनस्वी से पहले गीता सामोता ने माउंट अकांकागुआ पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की थी।
- ज्ञातव्य है कि अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊँची पर्वत चोटी माउंट विन्सन मैसिफ (4892 मीटर) को फतह करने वाली मनस्वी अग्रवाल राजस्थान की पहली पर्वतारोही है।

Q. पर्वतारोही मनस्वी अग्रवाल की ऐतिहासिक उपलब्धि

| उपलब्धि/चोटी | | ऊँचाई / श्रेणी |
|---|---|---|
| 1. माउंट अकांकागुआ | a) | 4892 मीटर (अंटार्कटिका) |
| 2. माउंट विन्सन मैसिफ | b) | 6,961 मीटर (दक्षिण अमेरिका) |
| 3. मनस्वी अग्रवाल | c) | माउंट अकांकागुआ फतह करने वाली राजस्थान की दूसरी महिला |
| 4. गीता सामोता | d) | माउंट विन्सन मैसिफ फतह करने वाली राजस्थान की पहली महिला |

सही कूट चुनें:

(a) 1-B, 2-A, 3-C, 4-D
(b) 1-A, 2-B, 3-C, 4-D
(c) 1-B, 2-A, 3-D, 4-C
(d) 1-A, 2-B, 3-D, 4-C

CIVIL SERVICES

## हरिद्वार के वैरागी द्वीप पर महाराणा प्रताप पर केंद्रित झाँकी

- हाल ही में, अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से हरिद्वार के वैरागी द्वीप में मनाए गए शताब्दी समारोह के अंतर्गत ज्योति कलश यात्रा में महाराणा प्रताप पर आधारित झाँकी का प्रदर्शन किया गया।

UTKARSH CLASSES

## 'भूकंप सुरक्षा एवं भूकंप मानक' विषय पर संगोष्ठी



CIVIL SERVICES

- वर्ष 2001 के भुज भूकंप की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में हाल ही में जयपुर में 'भूकंप सुरक्षा एवं भूकंप मानक' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- आयोजन : 23 और 24 जनवरी, 2026 तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर।
- आयोजक : मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MNIT) जयपुर, बिल्डिंग मटेरियल टेक्नोलॉजी प्रमोशन काउंसिल, भारतीय मानक ब्यूरो।
- उद्देश्य : संरचनात्मक इंजीनियरों, वास्तुकारों और आपदा प्रबंधन पेशेवरों की विशेषज्ञता को बढ़ाना।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

## पर्यटक वाहनों पर 'यात्री कर' (22 वर्ष बाद पुनः शुरुआत)

- जैसलमेर नगर परिषद ने 22 वर्ष बाद फिर से शहर में प्रवेश करने वाले पर्यटक वाहनों पर यात्री कर लगाने का निर्णय लिया है।
- इस संबंध में राजस्थान स्वायत्त शासन विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

## टॉम टॉम ट्रैफिक इंडेक्स – 2025 में जयपुर 30वें स्थान पर

- हाल ही में, नीदरलैंड्स की टॉमटॉम कंपनी द्वारा जारी टॉम टॉम ट्रैफिक इंडेक्स – 2025 में ट्रैफिक कंजेशन के मामले में जयपुर 30वें स्थान पर है। जयपुर का ट्रैफिक कंजेशन 58.7 प्रतिशत है।
- इस इंडेक्स में भारत की सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर बेंगलुरु विश्व में दूसरा सबसे अधिक ट्रैफिक जाम वाला शहर है। बेंगलुरु का यातायात ट्रैफिक जाम (ट्रैफिक कंजेशन) का स्तर 74.4 फीसदी है।

UTKARSH CLASSES

Q. 'टॉम टॉम ट्रैफिक इंडेक्स 2025' के अनुसार राजस्थान का कौन-सा शहर विश्व के शीर्ष 30 ट्रैफिक कंजेशन वाले शहरों में शामिल है?

(a) जोधपुर
(b) कोटा
(c) जयपुर
(d) अजमेर

## राजस्थान की पहली पॉइजन डिटेक्शन ड्रग लेवल टॉक्सिकोलॉजी लैब

- जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल में राजस्थान की पहली और उत्तर भारत की अत्याधुनिक पॉइजन डिटेक्शन ड्रग लेवल टॉक्सिकोलॉजी लैब की शुरुआत की गई है।
- इस लैब की मदद से पता लगाया जा सकेगा कि मरीज ने किस प्रकार का जहर खाया है या उसे किस जहरीले जानवर ने काटा है, जिससे सटीक और समय पर इलाज संभव हो सकेगा।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

## PM विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रदर्शनी एवं व्यापार मेला

- हाल ही में, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत अजमेर में प्रदर्शनी एवं व्यापार मेले का आयोजन किया गया।
- आयोजन : 23 से 25 जनवरी, 2026 तक।
- PM विश्वकर्मा योजना 17 सितंबर, 2023 को शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाना और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करना है, इसमें कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन और ऋण सहायता शामिल है।
- इस योजना के अंतर्गत 18 श्रेणियों के पारंपरिक कामगारों एवं श्रमिकों को कम ब्याज दर पर ऋण, आधुनिक टूल किट, प्रशिक्षण और उनके उत्पादों के लिए विपणन की व्यवस्था है।

CLASSES

CIVIL SERVICES

## सरस्वती वंदन, युवा संवाद एवं मेगा PTM

- 23 जनवरी, 2026 को बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर कॉमर्स कॉलेज (राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर) में सरस्वती वंदन, युवा संवाद एवं मेगा पैरेंट टीचर मीटिंग (PTM) का आयोजन किया गया।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

## राजस्थान संपर्क पोर्टल

- राज्य सरकार द्वारा राजस्थान संपर्क शिकायत निवारण पोर्टल पर नागरिकों की सुविधा एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से एक नई सुविधा प्रारंभ की गई है। नई व्यवस्था के अंतर्गत निस्तारित शिकायतों की एक्शन टेकन रिपोर्ट (ATR) निस्तारण के बाद व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध कराई जाएगी।
- राजस्थान संपर्क पोर्टल राज्य सरकार का एक एकीकृत शिकायत निवारण मंच है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों की सरकारी सेवाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान करना है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

**Q. राजस्थान सरकार के 'संपर्क पोर्टल' पर हाल ही में कौन-सी नई सुविधा शुरू की गई है?**

(a) शिकायतों का घर बैठे पंजीकरण

(b) केवल पेंशन भोगियों हेतु पंजीकरण

(c) वीडियो कॉल द्वारा शिकायत समाधान

(d) व्हाट्सएप के माध्यम से एक्शन टेकन रिपोर्ट (ATR) की उपलब्धता

UTKARSH CLASSES

## BSF का 'ऑपरेशन सर्द हवा'

- 22 से 27 जनवरी, 2026 तक सीमा सुरक्षा बल (BSF) द्वारा राजस्थान बॉर्डर पर 'ऑपरेशन सर्द हवा' का आयोजन किया जा रहा है।
- 'ऑपरेशन सर्द हवा' सीमा सुरक्षा बल (BSF) द्वारा राजस्थान की पश्चिमी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चलाया जाने वाला एक नियमित वार्षिक सुरक्षा अभियान है।
- **उद्देश्य :** सर्दियों में कोहरे और धुंध का फायदा उठाकर होने वाली घुसपैठ और तस्करी की घटनाओं को रोकना।
- **नोट :** सीमा सुरक्षा बल (BSF) की स्थापना 1 दिसंबर, 1965 को भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद सीमा सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए की गई थी। इसका आदर्श वाक्य "जीवन पर्यन्त कर्तव्य" (Duty Unto Death) है।

CIVIL SERVICES
CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. 'ऑपरेशन सर्द हवा' के संदर्भ में असत्य कथन पहचानें:

(a) यह सीमा सुरक्षा बल (BSF) द्वारा राजस्थान बॉर्डर पर चलाया जाने वाला अभियान है।

(b) इसका मुख्य उद्देश्य सर्दियों में कोहरे के दौरान होने वाली घुसपैठ को रोकना है।

(c) BSF की स्थापना वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद हुई थी।

(d) BSF का आदर्श वाक्य "जीवन पर्यन्त कर्तव्य" है।

UTKARSH CLASSES

## सुनीता धोबी और सुरेंद्र बिश्नोई

- उत्तराखंड के रुड़की में आयोजित 23वीं सीनियर एवं दूसरी जूनियर/सब-जूनियर नेशनल पैरा पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में जयपुर की सुनीता धोबी ने 79 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता।
- साथ ही, कोलायत (बीकानेर) निवासी सुरेंद्र बिश्नोई ने भी इसी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

## राज्य स्तरीय बड़ली भैरू पशु मेला, 2026

- **आयोजन :** 28 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक जोधपुर में।
- **आयोजक :** पशुपालन विभाग राजस्थान।

UTKARSH CLASSES

## AIIMS जोधपुर का अनुसंधान सप्ताह

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) जोधपुर द्वारा 12 से 17 जनवरी, 2026 तक अनुसंधान सप्ताह का आयोजन किया गया।
- यह अनुसंधान क्षमता को मजबूत करने, नवाचार को बढ़ावा देने और सभी विषयों में वैज्ञानिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई केंद्रित कार्यशालाओं की एक गतिशील श्रृंखला है।

UTKARSH CLASSES

## राज्य स्तरीय किसान मेला 'किन्नू महाकुंभ'

- राजस्थान सरकार द्वारा श्री गंगानगर में 23 से 25 जनवरी, 2026 तक राज्य स्तरीय किसान मेला 'किन्नू महाकुंभ' का आयोजन किया गया।

CIVIL SERVICES

## कोग्निवेरा पोलो कप, 2026

- 26 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक राजस्थान पोलो ग्राउंड, जयपुर में कोग्निवेरा पोलो कप, 2026 का आयोजन किया जा रहा है।
- इस पोलो कप में विश्व की सबसे ऊँची पोलो ट्रॉफी प्रदर्शित की गई है।
- ऊँचाई – 7.1 फीट, वजन – 65 किलोग्राम।

UTKARSH CLASSES

## राष्ट्रीय

## LR-AshM

**चर्चा में क्यों?**

- DRDO 77वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्त्तव्य पथ पर लम्बी दूरी की एंटी शिप हाइपरसोनिक मिसाइल (LR-AShM) और उसके लॉन्चर का प्रदर्शन करेगा।

**मुख्य बिन्दु:**

**अतिरिक्त जानकारी-**

- **विकास:** DRDO – रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन।
- यह एक हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल है जिसे भारतीय नौसेना की तटीय रक्षा और हमले की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- यह मिसाइल स्थिर और गतिशील दोनों प्रकार के समुद्री लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है और कई प्रकार के पेलोड कॉन्फिगरेशन ले जा सकती है।

Q. DRDO द्वारा विकसित 'लंबी दूरी की एंटी शिप हाइपरसोनिक मिसाइल' (LR-AShM) की विशेषताओं के संदर्भ में 'कथन-कारण' पर विचार करें:

कथन (A): यह एक हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल है जो स्थिर और गतिशील दोनों लक्ष्यों को भेद सकती है।

कारण (R): इसका प्रदर्शन 77वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्त्तव्य पथ पर किया जाएगा।

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है, लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है, लेकिन R सही है।

CIVIL SERVICES

## अंतरराष्ट्रीय

## बोर्ड ऑफ पीस

**चर्चा में क्यों?**

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने बोर्ड ऑफ पीस के गठन की घोषणा की, जिसमें भारत को भी आमंत्रित किया गया, हालांकि भारत अनुपस्थित रहा।

**मुख्य बिन्दु:**

- गठन की घोषणा के समय 19 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।
- इनमें अर्जेंटीना, कनाडा, मिश्र, सऊदी अरब, तुर्की शामिल है।

**बोर्ड ऑफ पीस - अतिरिक्त जानकारी -**

- यह एक प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय संगठन है। यह एक अस्थाई शासकीय निकाय के रूप में कार्य करेगा।
- **उद्देश्य:** इसे मुख्य रूप से युद्ध के बाद गाजा के प्रबंधन और पुनर्निमाण के लिए बनाया गया है। हालांकि इसका दायरा अन्य वैश्विक संघर्षों तक भी बढ़ाया जा सकता है।

**सदस्यता:**

- इसकी अध्यक्षता अमेरिकी राष्ट्रपति करेंगे।
- इसमें चुनिंदा वैश्विक नेताओं का कार्यकारी बोर्ड होगा।
- सदस्यता नियन्त्रण आधारित होगी।
- इसमें कुछ निश्चित अवधि के सदस्य होंगे। कुछ स्थाई और मौद्रिक भुगतान करने वाले सदस्य भी होंगे।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

**Q. अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा प्रस्तावित 'बोर्ड ऑफ पीस' का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

(a) युद्ध के बाद गाजा का प्रबंधन और पुनर्निर्माण करना।

(b) रूस-यूक्रेन युद्ध विराम कराना।

(c) अंटार्कटिका में नए शोध केंद्र स्थापित करना।

(d) केवल जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक कर लगाना।

UTKARSH CLASSES

**प्रश्न :** 'बोर्ड ऑफ पीस' (Board of Peace) की संरचना और उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए वैश्विक संघर्ष प्रबंधन में इसकी संभावित भूमिका का विश्लेषण कीजिए। (50 शब्द, 5 अंक)

**उत्तर:** 'बोर्ड ऑफ पीस' अमेरिकी नेतृत्व में प्रस्तावित एक अस्थाई अंतरराष्ट्रीय शासकीय निकाय है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य युद्धोपरांत गाजा का प्रबंधन और पुनर्निर्माण करना है। इसकी संरचना में अमेरिकी राष्ट्रपति की अध्यक्षता और एक कार्यकारी बोर्ड शामिल है। यह भविष्य में अन्य वैश्विक संघर्षों के समाधान हेतु एक वैकल्पिक बहुपक्षीय मॉडल बन सकता है, हालांकि इसकी सफलता प्रमुख वैश्विक शक्तियों (जैसे भारत) के सहयोग और सदस्यता की शर्तों पर निर्भर करेगी।

UTKARSH CLASSES

प्रश्न : "बोर्ड ऑफ पीस जैसे संगठनों का उदय पारंपरिक संयुक्त राष्ट्र प्रणालियों की सीमाओं को रेखांकित करता है।" गाजा संघर्ष के विशेष संदर्भ में चर्चा कीजिए। (150 शब्द, 10 अंक)

उत्तर: गाजा संघर्ष के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में बार-बार आने वाले वीटो गतिरोध ने एक अधिक सक्रिय और परिणाम-न्मुख वैश्विक निकाय की आवश्यकता को जन्म दिया है, जिसे 'बोर्ड ऑफ पीस' के रूप में देखा जा रहा है।

**संयुक्त राष्ट्र की सीमाएं और बोर्ड ऑफ पीस का उदय:**

1. **निर्णयन में गति:** UNSC में P5 देशों के बीच आपसी मतभेद के कारण त्वरित निर्णय नहीं हो पाते। इसके विपरीत, 'बोर्ड ऑफ पीस' एक लक्षित और कार्यकारी दृष्टिकोण अपनाता है।
2. **पुनर्निर्माण पर ध्यान:** यूएन मुख्य रूप से शांति स्थापना (Peacekeeping) पर केंद्रित है, जबकि यह बोर्ड युद्ध के बाद के

प्रशासनिक प्रबंधन और बुनियादी ढांचे के 'पुनर्निर्माण' (Reconstruction) को प्राथमिकता देता है।

3. **वित्तीय स्वायत्तता:** मौद्रिक भुगतान आधारित सदस्यता के माध्यम से यह संगठन संसाधनों की निरंतरता सुनिश्चित करने का प्रयास करता है।

**भारत की स्थिति और चुनौतियां:**

- भारत को आमंत्रित किए जाने के बावजूद उसकी अनुपस्थिति यह संकेत देती है कि ऐसे निकाय अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के सिद्धांतों के साथ कैसे तालमेल बिठाएंगे।
- यह संगठन वैश्विक शासन के 'निजीकरण' या 'सीमित समूहवाद' (Minilateralism) की ओर इशारा करता है, जो समावेशिता को कम कर सकता है।

**निष्कर्ष:** 'बोर्ड ऑफ पीस' गाजा जैसी मानवीय त्रासदियों के समाधान हेतु एक व्यावहारिक उपकरण हो सकता है, लेकिन यह संयुक्त राष्ट्र की दीर्घकालिक संरचनात्मक विफलता का स्थाई समाधान नहीं है।

CIVIL SERVICES

## अंतरराष्ट्रीय

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् - UNSC

- G4 देश ने UNSC में सुधार प्रस्तावित किए हैं तथा UNSC के पुनर्गठन के लिए एक शीघ्र कार्रवाई मॉडल प्रस्तुत किया है।
- G4 देश (भारत, ब्राजील, जर्मनी, जापान) सुरक्षा परिषद् में स्थाई सदस्यता के लिए एक-दूसरे के दावे का समर्थन करते हैं।

**प्रस्तावित प्रमुख सुधार:-**

- **परिषद् का विस्तार:-** सीटों की संख्या बढ़ाकर 25 या 26 करना, जिसमें निम्नलिखित शामिल है-
  - 6 नए स्थाई सदस्य (कुल 11 स्थाई सीटें)
  - 14 या 15 अस्थाई सदस्य

CIVIL SERVICES

**नयी स्थाई सीटों का क्षेत्रीय वितरण:-**

- 2 सीट अफ्रीका से
- 2 सीट एशिया प्रशांत से
- 1 सीट लेटिन अमेरिका व कैरेबियाई देशों से
- 1 सीट पश्चिमी यूरोपीय व अन्य देशों से

**UNSC में सुधारों की आवश्यकता क्यों-?**

- **पुरानी शक्ति संरचना-** आधुनिक शक्ति संतुलन व ग्लोबल साउथ के हितों की उपेक्षा।
- **वीटो गतिरोध:-** प्रमुख संघर्षों जैसे यूक्रेन, गाजा आदि मुद्दों में परिषद् निष्क्रिय हो जाती है।
- **लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व का अभाव:-** भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश का प्रतिनिधित्व नहीं।
- **वित्तीय निर्भरता:-** अमेरिका जैसे बड़े दानदाताओं पर उच्च निर्भरता परिषद् के कार्यों पर अनुचित प्रभाव का जोखिम।

UNSC अतिरिक्त जानकारी:-

- स्थापना:- वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रमुख अंगों में से एक के रूप में स्थापित।
- कार्य:- अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की प्राथमिक जिम्मेदारी।

संरचना:-

- 5 स्थाई सदस्य-P5 व 10 अस्थाई सदस्य।
- P5 – चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका।
- 10 अस्थाई सदस्य:- महासभा द्वारा 2 वर्ष के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। ये तत्काल पुनर्निर्वाचन के पात्र नहीं होते।

CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. G4 देशों (भारत, ब्राजील, जर्मनी, जापान) द्वारा प्रस्तावित UNSC सुधारों के संदर्भ में 'शीघ्र कार्रवाई मॉडल' के मुख्य बिंदु क्या हैं?

1. सुरक्षा परिषद् की कुल सीटों की संख्या बढ़ाकर 25 या 26 करना।
2. कुल 6 नए स्थाई सदस्यों को जोड़ना।
3. नई स्थाई सीटों में से 2 सीटें अफ्रीका और 2 सीटें एशिया प्रशांत क्षेत्र हेतु प्रस्तावित हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 3

UTKARSH CLASSES

## Environment

### पवित्र उपवन

- नये अध्ययन के अनुसार उत्तरी पश्चिमी घाट में स्थित पवित्र उपवनों में मानवीय हस्तक्षेप का स्तर सबसे अधिक है।

**महत्त्वपूर्ण बिंदु:-**

- सामाजिक-सांस्कृतिक मानदण्डों द्वारा लंबे समय से संरक्षित पवित्र उपवन अब शहरीकरण और पारंपरिक प्रथाओं के कमजोर होने के कारण तेजी से खतरे में है।
- ऐतिहासिक रूप से पवित्र उपवनों को स्थानीय वर्जनाओं और प्रकृति पूजा के माध्यम से संरक्षित किया जाता था।

**पवित्र उपवन:-**

- पवित्र उपवन वृक्षों या वन क्षेत्रों के ऐसे हिस्से होते हैं जिन्हें पारंपरिक रूप से स्थानीय समुदायों द्वारा उनके धार्मिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक महत्त्व के कारण संरक्षित किया जाता है।

CIVIL SERVICES

**उपनाम:-**

- **कर्नाटक-** देवरकाड्, ■ **केरल-**काबू
- **मध्यप्रदेश-** सरना, ■ **राजस्थान-**ओरान
- **महाराष्ट्र-** देवराय, ■ **मणिपुर-**उमंगलाई
- **उत्तराखण्ड-**देवभूमि आदि।

**पवित्र उपवनों का महत्त्व:-**

- जैव विविधता संरक्षण
- जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण
- जल संरक्षण
- आजीविका समर्थन
- सांस्कृतिक विरासत की रक्षा
- पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. हाल ही में चर्चा में रहे 'पवित्र उपवन' (Sacred Groves) और उनके क्षेत्रीय नामों का सही मिलान कीजिए:

| राज्य | स्थानीय नाम |
|---|---|
| A. राजस्थान | 1. काबू |
| B. महाराष्ट्र | 2. ओरान |
| C. कर्नाटक | 3. देवराय |
| D. केरल | 4. देवरकाडु |

सही कूट चुनें:

(a) A-2, B-3, C-4, D-1

(b) A-2, B-4, C-3, D-1

(c) A-1, B-2, C-3, D-4

(d) A-4, B-3, C-2, D-1

UTKARSH CLASSES

## विज्ञान

### सैन्य क्वांटम मिशन नीति ढाँचा

**चर्चा में क्यों?**

- 22 जनवरी, 2026 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सशस्त्र बलों में क्वांटम प्रौद्योगिकी के समावेशन से संबंधित पॉलिसी फ्रेमवर्क जारी किया।

**मुख्य बिंदु:**

- **परिचय:** यह एक व्यापक नीतिगत दस्तावेज है, जिसमें सशस्त्र बलों में क्वांटम प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन हेतु नीति एवं रोडमेप निर्धारित किया गया है।

CIVIL SERVICES

- **उद्देश्य:** तीनों सेनाओं को भविष्य के युद्धक्षेत्र की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना और तेजी से परिवर्तित हो रहें वैश्विक परिदृश्य में तकनीकी वर्चस्व प्राप्त करना।
- **स्तंभ:** क्वांटम प्रौद्योगिकी के चार प्रमुख स्तंभों (निम्नलिखित) को तीनों सेनाओं में एकीकृत करना-
  1. क्वांटम संचार
  2. क्वांटम कंप्यूटिंग
  3. क्वांटम सेंसिंग एंड मेट्रोलॉजी
  4. क्वांटम सामग्री एवं उपकरण

CIVIL SERVICES

**विशेषताएँ:**

1. क्वांटम एकीकरण के 4 स्तंभों पर केंद्रित।
2. **त्रि सेवा संयुक्तता :** यह तीनों सेनाओं के एकीकरण पर जोर देता है।
3. **नागरिक-सैन्य संलयन मॉडल :** यह समर्पित शासी निकायों के माध्यम से शिक्षा जगत, स्टार्टअप, उद्योग और कई सरकारी क्षेत्रों का लाभ उठाता है।
4. **भविष्य के युद्ध क्षेत्र के लिए दिशानिर्देश:** सुरक्षित संचार, त्वरित निर्णय, बेहतर संवेदन और साइबर - इलेक्ट्रॉनिक खतरों के विरूद्ध लचीलेपन को संबोधित करना।
5 **कार्यान्वयन ढाँचा:** यह कार्यान्वयन को चरणबद्ध तथा संस्थागत तंत्र व शासन संरचनाओं का खाका प्रदान करता है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. हाल ही में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) द्वारा जारी 'सैन्य क्वांटम मिशन नीति' के चार प्रमुख स्तंभों में शामिल नहीं है:

(a) क्वांटम संचार (Communication)
(b) क्वांटम कंप्यूटिंग
(c) क्वांटम रोबोटिक्स और ड्रोन
(d) क्वांटम सामग्री एवं उपकरण

UTKARSH CLASSES

## अर्थव्यवस्था

### निर्यात संवर्धन मिशन (EPM)

**चर्चा में क्यों?**

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने निर्यात प्रोत्साहन के तहत् निर्यात ऋण पर ब्याज सब्सिडी देने के लिए परिचालन दिशानिर्देश जारी किए है, जिससे निर्यातकों को निर्यात संवर्धन मिशन (EPM) के दायरे में लाया जा सके।
- भारत ने वर्ष 2025 में 47 अरब डॉलर का रिकॉर्ड इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात हासिल किया है।

**मुख्य बिंदु:**

**इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात:**

- लगभग 30 अरब डॉलर उत्पादन आधारित प्रोत्साहन से संचालित स्मार्टफोन के निर्यात से प्राप्त हुए।
- इलेक्ट्रॉनिक्स, देश का तीसरा बड़ा निर्यात है।

- वर्ष 2015 से इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में 11 गुना वृद्धि हुई है।
- महिलाओं की मजबूत भागीदारी, सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए अवसरों और युवाओं के दीर्घकालिक कौशल विकास के साथ 25 लाख नए रोजगार सृजित हुए हैं।

**निर्यात प्रोत्साहन मिशन:**

- **परिचय:** एक मिशन आधारित एकीकृत राष्ट्रीय ढॉंचा है, जिसका उद्देश्य निर्यातकों के लिए वित्तीय सहायता, बाजार पहुँच, अनुपालना तत्परता और डिजिटल शासन को एकीकृत भारत में स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धी निर्यात को बढ़ावा देना।
- **शुरुआत :** केंद्रीय बजट 2025-26
- **मिशन की अवधि :** वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2030-31तक (6 वर्ष)
- **नोडल कार्यान्वयन एजेंसी :** विदेश व्यापार महानिदेशालय
- **कुल वित्तीय परिव्यय:** 25,060 करोड़ रुपये।

CIVIL SERVICES

- **लक्षित क्षेत्र:** उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जो निजीकरण (टैरिफ वृद्धि) से प्रभावित है, इनमें कपड़ा, चमड़ा, रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग समान और समुद्री उत्पाद जैसे क्षेत्र शामिल है।
- **दो एकीकृत उप योजनाएँ :**
  1. **निर्यात प्रोत्साहन/वित्तीय सहायक:** पूर्व व पश्च ऋण पर ब्याज सब्सिडी, वित्तपोषण संपार्श्विक सहायता व ई कॉमर्स निर्यातक क्रेडिट कार्ड
  2. **निर्यात दिशा/गैर-वित्तीय सहायक:** गुणवत्ता प्रमाणीकरण, ब्रांडिंग, व्यापार मेले, रसद व भण्डारण सहायता, परिवहन व क्षमता निर्माण सहायता।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु :**

**भारत का निर्यात:**

- **सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में योगदान :** वित्त वर्ष 2024-25 में कुल GDP में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी।
- **रोजगार:** निर्यात उन्मुख उद्योगों में 4.5 करोड़ से अधिक व्यक्ति प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से नियोजित है।
- **MSMEs की भूमिका:** भारत के कुल निर्यात में MSMEs का योगदान लगभग 45% है।
- **वैश्विक हिस्सेदारी :** वस्तुओं और सेवाओं के वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी लगभग 2.5% है।

UTKARSH CLASSES

**Q.** **केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित 'निर्यात संवर्धन मिशन' के संदर्भ में सत्य कथनों का चयन करें:**

1. इसकी अवधि वित्त वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक निर्धारित है।
2. इसका नोडल कार्यान्वयन निकाय 'विदेश व्यापार महानिदेशालय' (DGFT) है।
3. यह मिशन केवल उन क्षेत्रों पर केंद्रित है जो अंतरराष्ट्रीय टैरिफ वृद्धि से प्रभावित नहीं हैं।

**कूट:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

## रिपोर्ट

### वायु गुणवत्ता प्रबन्धन आयोग (CAQM): रिपोर्ट

**चर्चा में क्यों?**

- दिल्ली-NCR में वायु प्रदूषण के कारणों पर वायु गुणवत्ता प्रबन्धन आयोग ने रिपोर्ट जारी की।

**मुख्य बिन्दु:**

- यह विशेषज्ञ रिपोर्ट MC मेहता बनाम भारत संघ मामले में उच्चतम न्यायालय के संबंधित आदेश के बाद तैयार की गई थी।

**रिपोर्ट के मुख्य बिन्दु:**

- **द्वितीयक पार्टिकुलेट मैटर (PM):** यह दिल्ली के सर्दी के मौसम में प्रदूषण में सबसे बड़ा योगदान कर्त्ता है। यह प्रदूषण में 27 प्रतिशत का योगदान करता है।

CLASSES

CIVIL SERVICES

- द्वितीयक पार्टिकुलेट मैटर सुक्ष्म कण होते हैं। ये प्रत्यक्ष रूप से उत्सर्जित नहीं होते हैं, बल्कि वायुमण्डल में मौजूद गैसों के बीच रासायनिक अभिक्रियाओं से बनते हैं।
- उदाहरण: अमोनियम नाइट्रेट, अमोनियम सल्फेट, एरोसोल।
- सर्दियों में प्रदूषण के अन्य प्रमुख कारक: परिवहन 23 प्रतिशत योगदान के साथ सबसे बड़ा प्राथमिक स्त्रोत है। इसके बाद बायोमास दहन (20%) का स्थान है। धूल की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत है जबकि ताप विद्युत संयंत्रों सहित उद्योगों का योगदान 9 प्रतिशत है।
- सीमा-पार प्रदूषण: दिल्ली में PM 2.5 का लगभग दो-तिहाई हिस्सा दिल्ली की सीमाओं के बाहर से आता है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

**Q. CAQM की हालिया रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली-NCR में सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारक कौन-सा है?**

(a) पराली जलाना
(b) द्वितीयक पार्टिकुलेट मैटर (Secondary PM)
(c) औद्योगिक कचरा
(d) केवल धूल की हिस्सेदारी

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

## रिपोर्ट

### प्रकृति के लिए वित्त की स्थिति रिपोर्ट-2026

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम- UNEP ने प्रकृति के लिए वित्त की स्थिति रिपोर्ट-2026 जारी की।
- यह रिपोर्ट वैश्विक व्यय में वित्तीय असंतुलन पर प्रकाश डालती है। यह व्यय प्रकृति सकारात्मक वित्त की तुलना में प्रकृति नकारात्मक वित्त की ओर अधिक झुका हुआ है।
- **प्रकृति सकारात्मक वित्त :-** उन गतिविधियों में निवेश करना, जो पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देती है, जैसे प्रकृति आधारित समाधान।
- **प्रकृति नकारात्मक वित्त:-** वे निवेश जो प्राकृतिक अवसंरचना को नुकसान पहुँचा सकते हैं, जैसे पर्यावरण के लिए हानिकारक सब्सिडी।

CLASSES

## रिपोर्ट

### नागरिक - केंद्रित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज

**चर्चा में क्यों?**

- भारत के लिए एक नागरिक केंद्रित स्वास्थ्य प्रणाली' रिपोर्ट में भारत के लिए नागरिक केंद्रित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की प्राप्ति हेतु रोडमेप प्रस्तुत किया गया है।

**मुख्य बिंदु:**

- **जारीकर्त्ता:** द लैसेंट

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदु:**

1. **स्वास्थ्य पर सार्वजनिक व्यय:** भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के 2.5% लक्ष्य से कम है अर्थात् यह सकल घरेलू उत्पाद के 2% से भी कम है।

CIVIL SERVICES

2. **इनपुट आधारित शासन :** स्वास्थ्य प्रशासन कठोर 'लाइन आइटम बजट' पर निर्भर करता है जो स्थानीय नवाचार और स्थानीय बीमारियों के बोझ के प्रति जवाबदेही को बाधित करता है।
3. **प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा में अंतर:** रिपोर्ट के अनुसार बीमा योजनाएँ अस्पताल केंद्रित है, जिससे बाह्य रोगी देखभाल असुरक्षित है।
4. **जेब से होने वाला व्यय (OOPE) :** भारत में कुल स्वास्थ्य व्यय का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा जेब से व्यय होता है जो वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक है।
5. **सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) में बाधाएँ :** असमान स्वास्थ्य गुणवत्ता, स्वास्थ्य विखंडन और कुप्रशासन।
6. **कवरेज :** गरीबों के पास सरकारी सेवाएँ तथा अमीरों के पास निजी बीमा है, वही मध्यम वर्ग अक्सर स्वास्थ्य संबंधी खर्च का सामना कर रहे हैं।

CLASSES

CIVIL SERVICES

**रिपोर्ट की सिफारिशें :**

1. **वैश्विक बजट व स्वास्थ्य सेवा का विकेंद्रीकरण :** जिलों के लिए कठोर मद आधारित बजट से हटकर वैश्विक बजट की ओर बढ़ना होगा।

- पंचायतीराज संस्थाओं (PRI) और शहरी स्थानीय निकायों (ULB) को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों के प्रबंधन के लिए सशक्त बनाना।
- **नोट :** रिपोर्ट में केरल मॉडल को अपनाने का सुझाव दिया गया है जहाँ स्थानीय सरकारों का स्वास्थ्य सेवाओं पर नियंत्रण है।

2. **सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लिए प्राथमिक साधन:** स्वास्थ्य प्रणाली सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित और सार्वजनिक रूप से प्रदान की जानी चाहिए।

CLASSES

CIVIL SERVICES

3. **स्वास्थ्य में प्रौद्योगिकी का उपयोग:** गोपनीयता को खतरें में डालने वाले केंद्रीकृत डेटाबेस के बजाय रिपोर्ट एक संघबद्ध डेटा संरचना (डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के अनुरूप) की सिफारिश की गई।

- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को प्रभावी रूप से लागू करना।
- AI और जीनोमिक्स का उपयोग किया जाए।

4. **नागरिक सहभागिता में वृद्धि:** जन सुनवाई और रोगी कल्याण समितियों जैसी सार्वजनिक भागीदारी के लिए औपचारिक तंत्र बनाया जाए है, जिसमें स्वास्थ्य केंद्रों की ऑडिट करने की शक्ति निहित हो।

CLASSES

**Q. द लैंसेट रिपोर्ट के अनुसार भारत में 'जेब से होने वाले व्यय' (OOPE) का स्वास्थ्य पर प्रभाव के संदर्भ में क्या सही है?**

(a) भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय GDP का 2.5% है।

(b) कुल स्वास्थ्य व्यय का लगभग 50% हिस्सा 'जेब से व्यय' (OOPE) होता है।

(c) भारत में स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह विकेंद्रीकृत हैं।

(d) मध्यम वर्ग को स्वास्थ्य बीमा का सर्वाधिक लाभ मिलता है।

UTKARSH CLASSES

## इतिहास

### सुभाष चंद्र बोस : पराक्रम दिवस

**चर्चा में क्यों?**

- 23 जनवरी, 2026 को केंद्र सरकार ने सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के उपलक्ष्य में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पराक्रम दिवस 2026 का आयोजन किया।
- सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को संस्थागत श्रेणी और लेफ्टिनेंट कर्नल सीता अशोक शेल्के को व्यक्तिगत श्रेणी में सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार, 2026 प्रदान किया गया।
- 23 जनवरी, 2026 को प्रधानमंत्री संग्रहालय में नेताजी की जयंती के उपलक्ष्य में 'द पेट्रियट्स पाथ : लाइफ एंड लेगेसी ऑफ नेताजी सुभाष चंद्र बोस' शीर्षक से एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

CLASSES

CIVIL SERVICES

**मुख्य बिंदु:**

**पराक्रम दिवस समारोह**

- **शुरुआत:** वर्ष 2021 (पहला); विक्टोरिया मेमोरियल, कोलकाता
- **वर्ष 2022 :** नई दिल्ली के इंडिया गेट पर नेताजी की होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण।
- **वर्ष 2023 :** अंडमान और निकोबार के 21 द्वीपों का नाम परमवीर चक्र से सम्मानित सोमनाथ शर्मा और जदुनाथ सिंह के नाम पर रखा गया।
- **वर्ष 2025 का राष्ट्रीय पराक्रम दिवस समारोह:** बाराबती किला, कटक, ओडिशा।

**सुभाष चंद्र बोस अपदा प्रबंधन पुरस्कार, 2026:**

- **स्थापना :** वर्ष 2019
- **प्रशासित:** आपदा प्रबंधन प्रभाग, केंद्रीय गृह मंत्रालय
- **पात्रता :** केवल भारतीय नागरिक व संस्था।

**राशि:**

- **संस्था :** 51 लाख रुपये + प्रमाण पत्र
- **व्यक्ति:** 5 लाख रुपये + प्रमाण पत्र

CIVIL SERVICES

- वर्ष 2026 के विजेता :

| | | |
|---|---|---|
| संस्थागत श्रेणी | सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (स्थापना; वर्ष 2005) | योगदान : इसने 1185 प्रशिक्षित आपदा मित्रों को 3 स्तरों - गाँव (आपदा प्रबंधन सहायक), ब्लॉक (आपदा प्रबंधन पर्यवेक्षक) और जिला (आपदा प्रबंधन समन्वयक) पर तैनात किया। |
| व्यक्तिगत श्रेणी | लेफ्टिनेंट कर्नल सीता अशोक शेल्के | योगदान: शेल्के ने वर्ष 2024 में केरल के वायनाड में बाढ़ और भूस्खलन के दौरान बड़े पैमाने पर माननीय सहायता और आपदा राहत अभियानों का नेतृत्व किया। |

- नोट: सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने वर्ष 2016 के मंतक भूस्खलन और वर्ष 2023 की तीस्ता बाढ़ जैसी गंभीर आपदाओं के दौरान, SSDMA के रियल टाइम कोऑर्डिनेशन और प्रशिक्षित फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स ने 2563 लोगों को बचाने में सहायता की और जान माल के नुकसान को कम किया।

CIVIL SERVICES

**प्रधानमंत्री संग्रहालय में प्रदर्शनी:**

- **प्रदर्शनी का शीर्षक:** "द पैट्रियट्स पाथ: लाइफ एंड लेगेसी ऑफ नेताजी सुभाष चंद्र बोस"
- इस फोटो प्रदर्शनी में विभिन्न खंड है जिनके शीर्षक है : द ग्रेट एस्केप, आजाद हिंद गवर्नमेंट, चलो दिल्ली-द मार्च ऑफ इंडियन नेशनल आर्मी, बियोंड मिस्ट्री: द इममॉर्टल लिगेसी, द रानीज ऑफ आजाद हिंद।

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस :**

**आरंभिक परिचय:**

- **जन्म :** वर्ष 1897, कटक, ओडिशा।
- इंग्लैंड में भारतीय सिविल सेवा (ICS) परीक्षा 1920 उत्तीर्ण की तथा इस्तीफा दे दिया।
- **वैचारिक आधार :** बोस रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद और बंकिम चंद्र चटर्जी (आनन्दमठ) से प्रेरित थे।
- उन्होंने पश्चिमी और भारतीय संस्कृतियों का एक संश्लेषण विकसित किया, जिसका केंद्र बिंदु भारत की स्वतंत्रता और पुनरुत्थान था।

CIVIL SERVICES

**स्वतंत्रता आदोलन में भूमिका :**

- **कांग्रेस के साथ मतभेद :** वर्ष 1938 में 'हरिपुरा अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गए, इन्होंने स्वराज की वकालत की तथा भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत् भारतीय संघ के गठन का विरोध किया।
- वर्ष 1939 में त्रिपुरी अधिवेशन में नेताजी को हटाकर गाँधी समर्थित डॉ. पट्टाभि सीतारमैया को अध्यक्ष के रूप में चुना गया।
- बोस ने 29 अप्रैल, 1939 को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया।
- **समाजवादी आर्थिक दृष्टिकोण :** राज्य के नेतृत्व वाले औद्योगीकरण, वैज्ञानिक योजना और आर्थिक आत्मनिर्भरता की वकालत करते हुए राष्ट्रीय योजना समिति (वर्ष 1938) की स्थापना की (अध्यक्षता : जवाहरलाल नेहरू)।
- **फॉरवर्ड ब्लॉक और कट्टरपंथी लामबंदी :** वामपंथियों, युवाओं और श्रमिकों को एकजुट करने के लिए राष्ट्रीय मंच के रूप में वर्ष 1939 में फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की।

- **इंडियन नेशनल आर्मी (INA)/आजाद हिंद फौज:** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी का सबसे क्रांतिकारी योगदान द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारतीय राष्ट्रीय सेना का नेतृत्व करना था।
- इंडियन नेशनल आर्मी का पहली बार गठन मोहन सिंह और जापानी मेजर फुजियारा के नेतृत्व में किया गया था तथा इसमें मलय (मलेशिया) अभियान के दौरान सिंगापुर में जापान द्वारा कैद किए गए ब्रिटिश भारतीय सेना के युद्ध बंदियों को शामिल किया गया था।
- **INA का उद्देश्य :** सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से भारत की पूर्ण मुक्ति (पूर्ण स्वराज) प्राप्त करना।
- **INA के वरिष्ठ अधिकारी :** शाह नवाज खान, प्रेम कुमार सहगल और गुरबख्श सिंह ढिल्लों।
- इसमें दक्षिण-पूर्व एशिया के भारतीय प्रवासी समुदाय के नागरिक भी शामिल थे।

CIVIL SERVICES

- **INA के प्रसिद्ध नारें:** 'दिल्ली चलो', 'जय हिंद'।
- यह ब्रिटिश नियंत्रण से बाहर संप्रभु शासन स्थापित करने का भारत का पहला व्यावहारिक प्रयास था।

**आजाद हिंद की अंतरिम सरकार (1943):**

- अक्टूबर, 1943 में नेताजी ने सिंगापुर में स्वतंत्र भारत की अंतरिम सरकार (आजाद हिंद) की स्थापना की।
- इसे जापान, जर्मनी और इटली जैसे देशों द्वारा मान्यता दी गई थी।

**रानी झांसी रेजिमेंट :**

- **परिचय :** एक पूर्णत: महिला लड़ाकू इकाई।
- **नेतृत्व:** कप्तान लक्ष्मी सहगल।
- यह लैंगिक समानता, प्रगतिशील दृष्टिकोण और सशस्त्र संघर्ष में महिलाओं की सक्रिय भूमिका का प्रतीक था।
- **नेताजी सुभाष चंद्र बोस का अंतिम समय:** 18 अगस्त, 1945 को ताइहोकू (ताइवान) में एक विमान दुर्घटना में शहीद।

- **नोट-** नेताजी की मृत्यु पर गठित जांच आयोग:
  1. शाह नवाज़ समिति (वर्ष 1956)
  2. खोसला आयोग (वर्ष 1970)
  3. मुखर्जी आयोग (वर्ष 2006)

CIVIL SERVICES

**Q.** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती (23 जनवरी, 2026) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कितने कथन सत्य हैं?

1. वर्ष 2026 का मुख्य पराक्रम दिवस समारोह अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में आयोजित किया गया।
2. 'सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026' की संस्थागत श्रेणी में सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को चुना गया है।
3. व्यक्तिगत श्रेणी में यह पुरस्कार लेफ्टिनेंट कर्नल सीता अशोक शेल्के को वायनाड भूस्खलन राहत कार्यों हेतु दिया गया।
4. नेताजी ने वर्ष 1938 के हरिपुरा अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।

कूट:

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

**RAS मुख्य परीक्षा हेतु प्रश्न (Syllabus: History & Ethics):**

**प्रश्न 1: "नेताजी सुभाष चंद्र बोस का समाजवादी आर्थिक दृष्टिकोण भारत के आधुनिक नियोजन का आधार बना।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। (150 शब्द, 10 अंक)**

**उत्तर:**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस का व्यक्तित्व न केवल एक सशस्त्र क्रांतिकारी तक सीमित था, अपितु वे स्वतंत्र भारत के लिए एक सुस्पष्ट आर्थिक रोडमैप रखने वाले दूरदर्शी नीति-निर्धारक भी थे। उनके आर्थिक दर्शन को निम्नलिखित बिंदुओं में समाहित किया जा सकता है:


- **संस्थागत नियोजन:** 1938 के हरिपुरा अधिवेशन के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने 'राष्ट्रीय योजना समिति' का गठन किया। इसने स्वतंत्रता के पश्चात 'योजना आयोग' और भारत में नियोजित विकास की वैचारिक नींव रखी।

- **वैज्ञानिक औद्योगिकीकरण:** उन्होंने 'वैज्ञानिक नियोजन' के माध्यम से राज्य के नेतृत्व में भारी उद्योगों की स्थापना पर बल दिया, ताकि भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके।
- **आर्थिक संप्रभुता का प्रदर्शन:** 'आजाद हिंद सरकार' के माध्यम से उन्होंने स्वयं की मुद्रा और 'आजाद हिंद बैंक' की स्थापना कर एक संप्रभु आर्थिक मॉडल का सफल प्रायोगिक प्रदर्शन किया।
- **समावेशी सामाजिक-आर्थिक ढांचा:** उनके विचारों में ग्रामीण पुनरुत्थान के साथ-साथ श्रमिक अधिकारों और लैंगिक समानता (रानी झांसी रेजिमेंट के माध्यम से) का समावेश था, जो उनके न्यायपूर्ण समाजवाद को दर्शाता है।

**निष्कर्षत:,** नेताजी द्वारा प्रतिपादित 'आत्मनिर्भरता' और 'वैज्ञानिक नियोजन' के आदर्श वर्तमान 'विकसित भारत @2047' के संकल्प हेतु एक मार्गदर्शक आधार प्रदान करते हैं।


CIVIL SERVICES
WEEKLY
CURRENT
AFFAIRS


CIVIL
SERVICES


UTKARSH
CIVIL
SERVICES
"सफलता उन लोगों को मिलती है जो
खुद पर विश्वास करते हैं और अपने
लक्ष्यों के लिए मेहनत करते हैं।"

CIVIL SERVICES

Q. सवाई माधोपुर में आयोजित 'अमरूद महोत्सव-2026' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह देश में आयोजित होने वाला अपनी तरह का पहला अमरूद महोत्सव है।
2. राजस्थान के कुल अमरूद उत्पादन क्षेत्र का लगभग 78% से अधिक हिस्सा केवल सवाई माधोपुर जिले में स्थित है।
3. इस अवसर पर सवाई माधोपुर में ₹150 करोड़ की लागत से अमरूद प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने की घोषणा की गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

[d]

**व्याख्या:**

- सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस पर इस महोत्सव का आयोजन किया गया। राजस्थान में 14,000 हेक्टेयर अमरूद के बगीचों में से 11,000 हेक्टेयर (लगभग 78.5%) सवाई माधोपुर में हैं।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):**

- **अमरूद (सिडियम गुआजावा):** इसे 'गरीबों का सेब' कहा जाता है। इसमें विटामिन-C और फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है।
- **प्रसंकरण (Processing) का महत्व:** प्रोसेसिंग प्लांट से किसानों को फसल का बेहतर मूल्य मिलेगा और 'पोस्ट-हार्वेस्ट लॉस' (कटाई के बाद का नुकसान) कम होगा।
- **प्रमुख किस्में:** इलाहाबादी सफेदा, लखनऊ-49 (सरदार अमरूद), और अर्का मृदुला राजस्थान में लोकप्रिय हैं।

CIVIL SERVICES

**Q.** राजस्थान की अक्षय ऊर्जा क्षमता और 'भारत रिन्यूएबल एक्सपो-2026' के संदर्भ में कौन-सा तथ्य गलत है?

(a) राजस्थान की कुल सौर ऊर्जा क्षमता दिसंबर 2025 तक 35,337 मेगावाट पहुंच गई है।

(b) देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता में राजस्थान की हिस्सेदारी 27.2 प्रतिशत है।

(c) पीएम-कुसुम योजना के 'कंपोनेन्ट-B' में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

(d) राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, 2024 का लक्ष्य 2030 तक 500 GW के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देना है।

CLASSES

CIVIL SERVICES

[c]

**व्याख्या:**

– राजस्थान पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेन्ट-A में देश में प्रथम स्थान पर है, जबकि कंपोनेन्ट B और C में तीसरे स्थान पर है।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):**

– **पीएम-कुसुम (PM-KUSUM):** कंपोनेन्ट-A (बंजर भूमि पर छोटे सौर संयंत्र), कंपोनेन्ट-B (स्टैंडअलोन सौर पंप), और कंपोनेन्ट-C (ग्रिड-कनेक्टेड पंपों का सौरीकरण)।

– **अक्षय ऊर्जा निगम (RRECL):** राजस्थान में अक्षय ऊर्जा विकास हेतु नोडल एजेंसी है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर 1 किलोमीटर क्षेत्र को 'पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र' (ESZ) घोषित किए जाने के संदर्भ में क्या सत्य है?

1. इसकी अधिसूचना 'पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986' के अंतर्गत जारी की गई है।
2. इसके तहत 94 गाँवों में सभी प्रकार की कृषि गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।
3. यह अभयारण्य बनास और लूणी दोनों नदी प्रणालियों का जलग्रहण क्षेत्र है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[b]

**व्याख्या:**

– कथन 2 गलत है क्योंकि ESZ में औद्योगिक और वाणिज्यिक गतिविधियों पर प्रतिबंध होता है, कृषि पर नहीं। यह अभयारण्य राजसमंद, पाली और उदयपुर में फैला है।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):**

– **ESZ का उद्देश्य:** यह संरक्षित क्षेत्रों के लिए 'शॉक ऑब्जर्वर' के रूप में कार्य करता है।

– **कुंभलगढ़ टाइगर रिज़र्व:** यह राजस्थान का छठा टाइगर रिज़र्व प्रस्तावित है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. 11वें महाकवि कन्हैया लाल सेठिया पुरस्कार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह पुरस्कार संगीत अध्येता यतींद्र मिश्र को उनके काव्य संग्रह 'बिना कलिंग विजय' के लिए दिया गया।
2. वर्ष 2025 में यह पुरस्कार प्रसिद्ध कवि बद्री नारायण को प्रदान किया गया था।
3. कन्हैयालाल सेठिया को उनकी कृति 'लीलटांस' के लिए मूर्तिदेवी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1

UTKARSH CLASSES

[a]

व्याख्या:

– कथन 3 गलत है क्योंकि 'लीलटांस' के लिए उन्हें केन्द्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कार (1976) मिला था, जबकि 'निर्ग्रन्थ' के लिए मूर्तिदेवी पुरस्कार (1988) मिला था।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. राजस्थान में 'एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल' (EMRS) के संचालन के संदर्भ में कौन-सा तथ्य सही है?

(a) राज्य में वर्तमान में कुल 50 EMRS स्कूलों का संचालन हो रहा है।

(b) इनका संचालन केवल निजी क्षेत्र की भागीदारी (PPP) से होता है।

(c) ये विद्यालय केवल कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों हेतु हैं।

(d) नवीनतम (31वाँ) EMRS विद्यालय जमवारामगढ़ (जयपुर) में प्रारंभ किया गया है।

31

6-12

UTKARSH CLASSES

[d]

**व्याख्या:**

- वर्तमान में (जनवरी, 2026) राजस्थान स्टेट एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल सोसायटी द्वारा राज्य में 31 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों (EMRS) का संचालन किया जा रहा है।
- **31वाँ और नवीनतम EMRS :** जमवारामगढ़ (जयपुर) में जून, 2025 में प्रारंभ।
- राज्य में सभी EMRS विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक कक्षाएं (CBSE से संबद्ध) संचालित होती हैं। कक्षा 11 एवं 12 में विज्ञान और कला संकाय उपलब्ध हैं।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. राजस्थान की योजनाओं की डिजिटल निगरानी हेतु विकसित 'राज उन्नति' (RAJ-UNNATI) प्लेटफॉर्म किस केंद्रीय मॉडल पर आधारित है?

(a) PM-गतिशक्ति
(b) PM-PRAGATI
(c) डिजिटल इंडिया पोर्टल
(d) ई-गवर्नेंस डैशबोर्ड

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

- 17 जनवरी, 2026 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जयपुर में 'राज उन्नति' प्लेटफॉर्म की प्रथम बैठक आयोजित हुई।
- PM-PRAGATI की तर्ज पर राजस्थान में योजनाओं की सख्त मॉनिटरिंग के लिए 'RAJ-UNNATI' प्लेटफ़ॉर्म का विकास किया गया है।
- PM-PRAGATI (Pro-Active Governance And Timely Implementation) को वर्ष 2015 में केंद्र सरकार ने शुरू किया था, ताकि परियोजनाओं, योजनाओं और जन शिकायतों को टेक्नोलॉजी-आधारित मॉनिटरिंग और समयबद्ध समाधान के साथ लागू किया जा सके।

CIVIL SERVICES

Q. 'शेनझेन' (चीन) में आयोजित 'वर्ल्ड इंटरनेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड-2026' में स्वर्ण पदक जीतने वाले राजवीर माहेश्वरी और अरमान अग्रवाल का संबंध किस जिले से है?

(a) कोटा

(b) जोधपुर

(c) जयपुर

(d) उदयपुर

UTKARSH CLASSES

Utkarsh CIVIL SERVICES

[c]

**व्याख्या:**

- शेनझेन (चीन) में आयोजित वर्ल्ड इंटरनेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (WIMO) में जयपुर के राजवीर माहेश्वरी और अरमान अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीता।
- प्रतियोगिता का आयोजन 3 जनवरी, 2026 को हुआ।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. राजस्थान सरकार द्वारा पंचायतीराज के पुनर्गठन के तहत हाल ही में कितनी नई ग्राम पंचायतों के गठन का उल्लेख किया गया है?

(a) 3,417
(b) 1,200
(c) 2,500
(d) 5,000

UTKARSH CLASSES

[a]

व्याख्या:

- राजस्थान सरकार द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु नवगठित आठ जिलों में नई जिला परिषदों का गठन किया गया है।
- साथ ही, पंचायतीराज के पुनर्गठन के तहत 85 नई पंचायत समितियां और 3,417 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

**Q.** तमिलनाडु के कोंडागाई झील में किए गए हालिया जलवायु अध्ययन के संदर्भ में '4.2 Ka घटना' (4.2 Ka event) क्या दर्शाती है?

(a) अत्यधिक भारी वर्षा और बाढ़ का चरण।

(b) एक वैश्विक शुष्क घटना (Megadrought) जिसने प्राचीन सभ्यताओं को प्रभावित किया।

(c) समुद्र के स्तर में अचानक वृद्धि।

(d) एक नया हिमयुग (Ice Age)।

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

– कीलाड़ी (Keeladi): यहाँ संगम कालीन शहरी सभ्यता के साक्ष्य मिले हैं। यह अध्ययन प्राचीन सभ्यताओं के पतन और जलवायु परिवर्तन के संबंधों को समझने में मदद करता है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार करें:

1. इसकी शुरुआत 16 जनवरी, 2016 को हुई थी।
2. 'यूनिकॉर्न' वह स्टार्टअप है जिसका बाजार मूल्यांकन 10 बिलियन डॉलर से अधिक हो।
3. स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (SISFS) 945 करोड़ रुपये का कोष है।

सत्य कथन का चयन करें:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 3

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्याः**

– कथन 2 गलत है क्योंकि 'यूनिकॉर्न' का मूल्यांकन 1 बिलियन डॉलर से अधिक होना चाहिए, 10 बिलियन डॉलर वाले को 'डेकाकॉर्न' कहते हैं।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

**Q.** विश्व आर्थिक मंच (WEF) की 'ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट 2026' के अनुसार भारत के लिए सबसे गंभीर जोखिम कौन-सा है?

(a) आय और धन की असमानता

(b) जलवायु परिवर्तन

(c) साइबर असुरक्षा

(d) आर्थिक मंदी

UTKARSH CLASSES

[c]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

- वैश्विक स्तर पर: प्रथम जोखिम 'भू-आर्थिक टकराव' है।
- गिनी सूचकांक: यह आय असमानता को मापता है (भारत का स्कोर लगभग 35.5)।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. 17-18 जनवरी, 2026 को आयोजित 'वन मेला - 2026' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसका आयोजन राजस्थान के उदयपुर जिले के सज्जनगढ़ में किया गया।
2. इसका मुख्य उद्देश्य वन उत्पादों को प्रोत्साहन देना और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाना है।
3. सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में लुप्तप्राय पौधा 'कॉमिफेरा व्हाइटी' (गुगल) प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

कॉमिफेरा व्हाइट

[d]

**व्याख्या:**

– सज्जनगढ़ (उदयपुर) में वन विभाग द्वारा आयोजित इस मेले का उद्देश्य गैर-काष्ठ वन उपजों (NTFP) के बाजार को मज़बूत करना है । सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य 'मानसून पैलेस' के पास स्थित है और यहाँ 'गुगल' जैसे दुर्लभ पौधों का संरक्षण किया जाता है ।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Read):**

– **सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य:** इसकी स्थापना 1987 में हुई थी । यहाँ मुख्य रूप से शुष्क पर्णपाती वन (जैसे- एनोगेइसस पेंडुला, अकेशिया सेनेगल) पाए जाते हैं ।

– **गुगल (Commiphora wightii):** यह एक औषधीय पौधा है जिसका उपयोग आयुर्वेद में गठिया और मोटापे के उपचार के लिए किया जाता है। यह IUCN की रेड लिस्ट में शामिल है।

**Q.** 'शेखावाटी हस्तशिल्प उत्सव - 2026' और सीकर जिले के 'पंच गौरव' के संदर्भ में कौन-सा मिलान सही नहीं है:

(a) आयोजन स्थल - सीकर

(b) एक जिला एक उत्पाद (ODOP) - लकड़ी का फर्नीचर

(c) प्रमुख खेल - बास्केटबॉल

(d) प्रमुख उपज - बाजरा

UTKARSH CLASSES

[d]

**व्याख्या:**

– सीकर जिले के 'पंच गौरव' में प्रमुख उपज के रूप में 'प्याज' को शामिल किया गया है, न कि बाजरा को । अन्य पंच गौरवों में खाटू श्यामजी (पर्यटन) और 'अरडू' (वनस्पति) शामिल हैं ।

CIVIL SERVICES

Q. राजस्थान के स्वास्थ्य और खेल अवसंरचना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. प्रदेश का पहला 'स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट' (SCI) जयपुर के सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज में निर्मित किया जा रहा है।
2. उत्तर भारत का पहला FIH से मान्यता प्राप्त 'हॉकी टर्फ ग्राउण्ड' भीलवाड़ा के फुलियाकला में स्थित है।
3. स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट को प्रस्तावित 'राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' (RIMS) में समाहित किया जाएगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[c]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Read):

- **RIMS:** राजस्थान सरकार द्वारा RUHS का उन्नयन कर इसे दिल्ली के AIIMS की तर्ज पर विकसित करने की योजना है।
- **फुलियाकला हॉकी ग्राउंड:** इसका निर्माण भामाशाह सत्यनारायण लड्ढा द्वारा करवाया गया, जो ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. नई दिल्ली में आयोजित 'ADMM प्लस' (आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक प्लस) के 16वें विशेषज्ञ कार्य-समूह की बैठक के संदर्भ में क्या सही है?

1. इसकी सह-अध्यक्षता भारत और वियतनाम द्वारा की गई।
2. इसमें 11 आसियान सदस्य देशों और 7 संवाद साझेदार देशों ने भाग लिया।
3. भारत वर्ष 2027 में इस समूह के तहत 'फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास' आयोजित करेगा।

कूट:

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 2

मलेशिया

UTKARSH CLASSES

[a]

**व्याख्या:**

– कथन 1 गलत है क्योंकि इसकी सह-अध्यक्षता भारत और मलेशिया द्वारा की गई थी । ADMM प्लस का मुख्य ध्यान समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद रोधी अभियान और साइबर सुरक्षा जैसे 7 क्षेत्रों पर है ।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. वैश्विक भू-राजनीति में 'तीसरे ध्रुव' (Third Pole) की अवधारणा का तात्पर्य क्या है?

(a) ध्रुवीय क्षेत्रों में चीन की बढ़ती सैन्य उपस्थिति।

(b) केवल आर्थिक रूप से पिछड़े देशों का समूह।

(c) अंतरिक्ष में उपग्रहों की बढ़ती संख्या।

(d) अमेरिका और रूस के प्रभुत्व के बीच भारत, जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों का रणनीतिक जुड़ाव।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[d]

**व्याख्या:**

- रूस के घटते प्रभाव और संयुक्त राज्य अमेरिका की बढ़ती अप्रत्याशितता के दौर में, वैश्विक भू-राजनीति में एक "तीसरे ध्रुव" की अवधारणा ने प्रमुख प्राप्त कर ली है।

**मुख्य बिंदु :**

- यह अवधारणा भारत के जर्मनी, फ्रांस (और विस्तार द्वारा यूरोप) तथा अन्य मध्यवर्ती शक्तियों के साथ एक रणनीतिक जुड़ाव को संदर्भित करती है।
- **बहुध्रुविय विश्व व्यवस्था:** यह तीसरा वैश्विक शक्ति केन्द्र एक बहुध्रुविय विश्व व्यवस्था को जन्म दे सकता है। यह विश्व व्यवस्था रणनीतिक स्वायत्तता, आर्थिक खुलापन, तकनीकी सहयोग, लोकतांत्रिक मानदंडों और नियम आधारित वैश्विक शासन के साझा मूल्यों पर आधारित होगी।

CLASSES

CIVIL SERVICES

**Q. 1 जुलाई, 2026 से प्रभावी होने वाली 'रिज़र्व बैंक - एकीकृत ओम्बड्समैन योजना' (RB-IOS) के संबंध में असत्य कथन चुनें:**

(a) यह RBI-विनियमित संस्थाओं के खिलाफ वैकल्पिक शिकायत निवारण तंत्र है।

(b) ओम्बड्समैन के पास विवाद की राशि पर कोई ऊपरी सीमा नहीं है।

(c) ओम्बड्समैन अधिकतम ₹50 लाख तक का मुआवजा प्रदान कर सकता है।

(d) शिकायतों की प्राप्ति के लिए 'केन्द्रीकृत प्राप्ति और प्रसंस्करण केन्द्र' (CRPC) की स्थापना की जाएगी।

30 लाख

UTKARSH CLASSES

[c]

व्याख्या:

– ओम्बड्समैन के पास अधिकतम ₹30 लाख (न कि ₹50 लाख) तक का मुआवजा देने की शक्ति है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. हाल ही में प्रवीण वशिष्ठ को सतर्कता आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है।
2. CVC की स्थापना संथानम समिति की सिफारिशों पर 1964 में की गई थी।
3. मुख्य सतर्कता आयुक्त का कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो) होता है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1

UTKARSH CLASSES

[a]

**व्याख्या:**

– कथन 3 गलत है क्योंकि कार्यकाल 4 वर्ष या 65 वर्ष की आयु होता है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

**Q.** राजस्थान में संचालित 'प्रेरणा अभियान 2.0' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इस अभियान का संचालन 19 जनवरी से 19 फरवरी, 2026 तक समेकित बाल विकास सेवाएँ (ICDS) निदेशालय द्वारा किया जा रहा है।
2. इसका मुख्य ध्येय वाक्य 'सशक्त आंगनबाड़ी, सुपोषित बचपन' रखा गया है।
3. इस अभियान के तहत आकांक्षी जिलों में केवल 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का ही पंजीकरण किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

CIVIL SERVICES

[a]

**व्याख्या:**

- **कथन 1 और 2 सही हैं:** यह अभियान 19 जनवरी, 2026 से एक माह के लिए शुरू हुआ है, जिसका उद्देश्य आंगनबाड़ी सेवाओं का सुदृढ़ीकरण है।
- **कथन 3 गलत है:** इस अभियान के तहत 0 से 6 वर्ष के बच्चों के अलावा गर्भवती महिलाओं (शुरुआती तीन माह), धात्री महिलाओं और आकांक्षी जिलों में किशोरी बालिकाओं का भी पंजीकरण किया जाएगा।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. 'प्रेरणा अभियान 2.0' के तहत कुपोषण प्रबंधन हेतु अपनाए जा रहे 'अम्मा कार्यक्रम' (AMMA) मॉडल का मुख्य केंद्र क्या है?

(a) केवल गर्भवती महिलाओं को नकद सहायता प्रदान करना।

(b) गंभीर तीव्र कुपोषण (SAM) और मध्यम तीव्र कुपोषण (MAM) वाले बच्चों की पहचान एवं प्रबंधन।

(c) प्राथमिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन (Mid-day Meal) की गुणवत्ता सुधारना।

(d) ग्रामीण क्षेत्रों में नए खेल मैदानों का निर्माण करना।

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

- ICDS (समेकित बाल विकास सेवाएँ): इसकी शुरुआत 2 अक्टूबर, 1975 को हुई थी। यह दुनिया के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक है जो बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है।
- लक्षित योजनाएं: प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY), मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना और मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना को इस अभियान के माध्यम से घर-घर पहुँचाया जा रहा है।
- आकांक्षी जिला कार्यक्रम (Aspirational Districts Programme): यह नीति आयोग द्वारा जनवरी 2018 में शुरू किया गया था। राजस्थान के धौलपुर, जैसलमेर, करौली, सिरोही और बारां इसमें शामिल हैं।

CIVIL SERVICES

**Q.** लोकपाल संस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. हाल ही में न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा को लोकपाल के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।
2. लोकपाल अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक उच्च स्तरीय चयन समिति की सिफारिश पर की जाती है।
3. लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में भारत के प्रधानमंत्री भी शामिल हैं, लेकिन उनके खिलाफ जाँच हेतु विशेष सुरक्षा उपाय और अपवाद दिए गए हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई भी नहीं

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[c]

**व्याख्या:**

- हाल ही में न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा को लोकपाल के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।
- लोकपाल अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक उच्च स्तरीय चयन समिति की सिफारिश पर की जाती है।
